हरिभूमि

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में बहेड़ी ब्रह्मनान के अनीस अहमद व उसका मोहम्मद शमी कंपनी टाइगर किंग नाम से आयुर्वेद उत्पाद बनाते थे। पुलिस दोनों को अरेस्ट कर लिया है।

Moradabad Fake Medicine factory: उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नामी कंपनी के नाम पर नकली शक्तिवर्धक दवाइयां बनाई जा रही थीं। पुलिस और आयुष विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर कंपनी के डायरेक्टर्स भाइयों अनीस अहमद और मोहम्मद शमी को गिरफ्तार किया है।

नमन इंडिया नाम की कंपनी

पुलिस गिरफ्त में आए दोनों आरोपी भोजपुर के बहेड़ी ब्रह्मनान निवासी हैं। वह मुरादाबाद के कटघर स्थित एकता कॉलोनी में अजीजुल हसन के यहां नमन इंडिया नाम की कंपनी चलाते हैं। उनकी कंपनी से बड़ी मात्रा में नकली दवाएं व उन्हें बनाने का सामान बरामद हुआ है।

टाइगर किंग से मिलते जुलते उत्पाद

कंपनी टाइगर किंग नाम से आयुर्वेद उत्पाद बनाती है। अजीजुल ने पुलिस को बताया अनीस अहमद नाम का कर्मचारी था, जो टाइगर किंग समेत अन्य उत्पादों से मिलती-जुलती दवाइयां बनाता था।

रैपर, होलोग्राम व दवाएं जब्त

अजीजुल की शिकायत पर पुलिस ने गौतमबुद्धनगर ड्रग निरीक्षक के साथ सेक्टर-10 स्थित कंपनी पर छापा मारा। जहां बड़ी संख्या में टाइगर किंग कंपनी के प्रोडक्ट से मिलते जुलते रैपर, होलोग्राम और दवाइयां बरामद हुईं।

यह प्रोडक्ट दवाएं जब्त

पुलिस ने यहां से टाइगर किंग क्रीम, मैनपॉवर क्रीम, नाइट गोल्ड क्रीम, यूनिट टाइम एंड ऑयल, कंप्रेसर मशीन, पैकेजिंग मशीन, सीलिंग मशीन भी जब्त की है। साथ ही अनीस अहमद और उसके भाई मोहम्मद शमी को गिरफ्तार किया है।

Source: https://www.haribhoomi.com/state-local/uttar-pradesh/news/fake-ayurveda-medicine-factory-in-moradabad-2-arrest-34418